त्यौहारी सीजन को देखते हुए शहर के चारो तरफ सफाई अभियान जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए चारो तरफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत तालाबो, पार्को, चौ चौक –चौराहो, सार्वजनिक स्थल आदि जगहो की सफाई चल रहा है। यह भी देखने में आ रहा है कि दिपावली को देखते हुए लोग दिपावली को देखते हुए अपने घरो की साफ–सफाई कर रहे है। उससे निकलने वाले कचरे एवं पुराने सामग्री को लेकर सड़क के किनारे फेंक दे रहे है। निगम भिलाई की सफाई अभियान की टीम ट्रेक्टर, ट्राली से जाकर ऐसे कचरो को उठाने का काम कर रही है। जबकि डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन का काम चल रहा है। इस संबंध में मुनादी भी कराई जा रही है कि इधर–उधर कचरा न फेकें। निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी जोन आयुक्त एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये है। कि सफाई व्यवस्था को सुदृद्व किया जावे। प्रत्येक जगह का नियमित मॉनिटरिंग की जावे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी, सबको अपने–अपने क्षेत्र में सफाई के प्रति चौकन्ना रहना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने शहर वासियों से अपील कि है कि त्यौहारी सीजन में साफ–सफाई के दौरान अपने घरो से निकलने वाले कचरे को इधर–उधर सड़क के किनारे व नाली में न फेके। निगम के सफाई मित्र को ही कचरा देवे। अगर घर से ज्यादा कचरा निकलता है तो जोन कार्यालय से संपर्क कर बड़ी गाड़ी को मंगवा कर कचरा दे सकते है। निगम भिलाई आपके सहयोग के लिए तत्पर है, आप सब भी सहयोग करें।